Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◻ अंक- 196 ◻ रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

सेंट्रल जेल में भाइयों को राखी बांधने बहनों की लंबी लाइन

प्रवेश से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रायपुर, 9 अगस्त (हाईवे चैनल)। रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से आज पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है वहीं रायपुर शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी सुबह से रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर खुशी का माहौल देखने को मिला बड़ी संख्या में बहने अपने भाइयों को रक्षाबंधन बांधने के लिए पहुंचती नजर आई सुबह से ही आज रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर बहनों के चेहरों में खुशी का माहौल देखने को मिला वहीं भाइयों ने बहनों को अनेक उपहार भी दिया. रक्षाबंधन, भाई-बहन के प्रेम का त्यौहार है, जो श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन, बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है।

इधर सेंट्रल जेल रायपुर में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंची है. महिलाओं की यहां सुबह से लंबी लाइन लगी है. जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन पर सुरक्षा के कड़े इतंजाम किए हैं. प्रवेश से पहले राखी बांधने पहुंची महिलाओं को पहले पंजीयन कराया। फिर चेकिंग की गई। जेल प्रवेश करने के बाद दोबारा चेकिंग की गई। महिलाओं को नियमानुसार जेल में प्रवेश करने के लिए केवल 100 ग्राम मिठाई और राखी लेकर प्रवेश करने दिया गया। कई महिलाएं पहली बार सेंट्रल जेल में भाइयों को राखी बांधने आई है. वहीं कई ऐसी भी महिलाएं पहुंची जो सालों से अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने रही है. पहली बार आई महिलाओं ने व्यवस्था को लेकर कहा कि पहली बार जेल में भाई को राखी बांधने आने पर खराब अनुभव है. लंबी कतारे लगानी पड़ी. इस दौरान पानी की व्यवस्था भी नहीं की गई है. जेल में राखी बांधने पहुंचे कुछ बहनों ने कहा कि पिछले सुबह 7 से लाइन लगाकर खड़े हैं. लेकिन अभी तक मिलने नहीं दिया गया, बहुत लंबी लाइन है. तेज धूप के कारण भी परेशानी हो रही है. वहीं कुछ महिलाओं ने जेल प्रशासन की ओर से इस बार की गई व्यवस्था को काफी अच्छा बताया है. बताया कि आधार कार्ड दिखाकर अंदर मिलने दिया गया। जेल अधीक्षक योगेश कुमार छतरी ने कहा कि सुबह 8 बजे से जेल परिसर के अंदर प्रवेश दी गई है. इससे पहले सुरक्षा के मद्देनजर तैनाक महिला पुलिसकर्मी कड़ी जांच की गई।

बस्तर में महिलाओं और बच्चियों ने जवानों के साथ मनाया रक्षाबंधन- सुकमा के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में जहां अक्सर गोलियों की आवाजे गूंजती रही हैं, वहां इस बार राखी के पवित्र धागों ने एक अलग ही माहौल बना दिया. सुरक्षा के कड़े पहरे और तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच, छात्राओं ने सुरक्षा बल के जवानों के साथ रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया. सुबह से ही गांव की महिलाएं और बच्चियां रंग-बिरंगी राखियां, तिलक की थाली और मिठाइयों के साथ सुरक्षा बल के कैंप पर पहुंची. जवानों के चेहरे पर घर-परिवार से दूर रहने का दर्द साफ झलक रहा था, लेकिन जैसे ही इन बहनों ने उनके हाथों में राखी बांधी, उनकी आंखों में खुशी और अपनापन छलक पड़ा. कई जवानों ने बताया कि वे सालों से अपने घर पर राखी के मौके पर नहीं जा पाए, लेकिन यहां उन्हें ऐसा लगा जैसे वे अपने ही परिवार के बीच हैं.

कुनकुरी, जशपुर जैसे दूरस्थ शहरों में खुलेंगे 34 नए नालंदा परिसर

रायपुर, 9 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ सरकार उच्च शिक्षा हासिल कर रहे तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के सपनों को पर देने 34 नए नालंदा परिसर बना रही है. ये नालंदा परिसर केवल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ जैसे बड़े शहरों में ही नहीं बन रहे, बल्कि दूरस्थ वनांचलों के सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर, बलरामपुर, पेंड्रा जैसे शहरों में भी बन रहे हैं.

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के सपनों को लगेंगे पंख

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नए नालंदा परिसरों के लिए राशि स्वीकृत की है. वहीं रायगढ़ में सीएसआर से 700 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी का काम प्रगति पर है. इसके लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42 करोड़ 56 लाख रुपए का करार हुआ है. यह प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर होगा.

इन सेंट्रल लाइब्रेरीज-सह-रीडिंग जोन्स से प्रदेशभर के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छा माहौल मिलेगा. उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अच्छी पुस्तकें भी मिलेंगी. प्रदेश के हर वर्ग के युवाओं के करियर निर्माण में ये लाइब्रेरीज काफी मददगार और अहम साबित होंगे. इन सर्वसुविधायुक्त, अत्याधुनिक लाइब्रेरीज में युवाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई की सुविधा मिलेगी.

नगरीय प्रशासन विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नालंदा परिसरों के लिए 237 करोड़ 57 लाख 95 हजार रुपए मंजूर किए हैं. विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 17 नगरीय निकायों में 18 नालंदा परिसरों के लिए 125 करोड़ 88 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं. वहीं पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में अलग-अलग शहरों में 15 नालंदा परिसरों के लिए 111 करोड़ 70 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं. इनमें से 11 नालंदा परिसरों के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित निर्माण एजेंसीज को कार्यादेश भी जारी किए जा चुके हैं. ये जल्द ही आकार लेना शुरू कर देंगे.

आज दुर्ग-रायगढ़ मेमू पैसेंजर ट्रेन दौड़ रही

रक्षाबंधन पर रेलवे का निर्णय

रायपुर, 9 अगस्त(हाईवे चैनल)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने रक्षाबंधन के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए मेमू स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन 9 और 10 अगस्त 2025 को दुर्ग-रायगढ़-दुर्ग के बीच दो फेरे लगाएगी। रेलवे के मुताबिक, यह व्यवस्था सिर्फ 2 दिनों के लिए होगी ताकि रक्षाबंधन पर घर आने-जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिल सके और यात्री भीड़ से बच सके। इन 2 ट्रेनों का संचालन गाड़ी संख्या 08834 दुर्ग-रायगढ़ मेमू पैसेंजर-दुर्ग से सुबह 10.30 बजे रवाना होगी। बीच में भिलाई नगर, भिलाई पावर हाउस, देवबलोदा चरोदा, कुम्हारी, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-नैला, चांपा, खरसिया समेत सभी प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी और शाम 6:50 बजे रायगढ़ पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08833 रायगढ़-दुर्ग मेमू पैसेंजर-रायगढ़ से शाम 7.00 बजे चलेगी। रास्ते में सभी स्टेशनों पर ठहराव के साथ बिलासपुर 8.55 बजे, रायपुर रात 11.30 बजे और अगले दिन सुबह 1.15 बजे दुर्ग पहुंचेगी। दुर्ग से रायगढ़ तक का टाइम दुर्ग 10.30 7 रायपुर 11.35 7 बिलासपुर 15.10 7 जांजगीर-नैला 16.10 7 चांपा 16.30 7 रायगढ़ 18.50 रायगढ़ से दुर्ग तक का टाइम रायगढ़ 19.00 7 बिलासपुर 20.55 7 रायपुर 23.30 7 दुर्ग 01.15 (अगले दिन)।

ब्रेकिंग न्यूज

पति ने किया पत्नी और दो बेटियों का कत्ल, आरोपी फरार

नई दिल्ली, 9 अगस्त (न्यूज चैनल)। देश की राजधानी दिल्ली के करावल नगर में तीन हत्याओं से दहल उठी। एक शख्स ने अपनी पत्नी और दो बेटियों को मार डाला। रक्षाबंधन के दिन हुई सनसनीखेज वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के करावल नगर इलाके में प्रदीप नाम के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और पांच और सात साल की दो बेटियों की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार है।पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

नौसेना के पूर्व सैनिक की संदिग्ध मौत

नई दिल्ली, 9 अगस्त (न्यूज चैनल)। पुलिस के मुताबिक, विपिन ठाकुर का शव कार के अंदर मिला। उनके चेहरे पर एक ऑक्सीजन मास्क लगा हुआ था, जो हीलियम गैस के एक सिलिंडर से जुड़ा हुआ था। मास्क के ऊपर प्लास्टिक का लिफाफा और सेलो टेप भी लिपटी हुई थी, जिससे यह माना जा रहा है कि यह आत्महत्या का एक तरीका हो सकता है। पुलिस ने मौके से एक चार पन्नों का सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी, पिता और बैंक में काम के दबाव का जिक्र किया है। इस तरह से हीलियम गैस का इस्तेमाल करके आत्महत्या करने का यह हिमाचल प्रदेश में पहला और पूरे देश में चौथा मामला बताया जा रहा है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अब कह रहे हैं कि कुरुद विधानसभा में भी वोटों की चोरी हुई है।

चुहिया- हां जी, इसके लिए टेंशन की जरूरत नहीं है, विधानसभा में अजय चंद्राकर निपट लेंगे।

मामूली विवाद के चलते दो की हत्या

बीती रात नेवई क्षेत्र में वारदात

भिलाईनगर 9 अगस्त (देशबन्धु)। नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात एक आरोपी ने चाकू घोपकर दो युवकों की हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना रात्रि करीब 9. 30 बजे के करीब बताई की बताई जा रही है। वारदात में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को अस्पताल ले इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। डॉक्टर के द्वारा अथक प्रयास के बाद भी बचाए नहीं जा सका। फिलहाल नेवई पुलिस के द्वारा अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

मामला आपसी विवाद का बताया गया है। आरोपी पूर्व में अपचारी बालक रहते हुए हत्या के मामले का आरोपी रहा है। घटना दशहरा भाठा नेवई की बताई गई है। नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मृतक दोनों युवकों का दो तीन दिन पूर्व आरोपी के पिता से मामूली सी बात पर विवाद हुआ था। इसी बात से आक्रोशित आरोपी निखिल ने दोनों युवकों पर बीती रात्रि चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इसके कारण एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया था परंतु इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। आरोपी निखिल पूर्व में अपचारी बालक के रूप में हत्या के मामले में जेल जा चुका है पुलिस ने बताया कि मृतक चिंतामणि 21 सालए गौरव कोसरिया 22 साल तथा आरोपी निखिल 21 साल का बताया जाता है। पुलिस के द्वारा आरोपी निखिल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आतंकियों से मुठभेड़ में 2 जवान शहीद, 2 घायल एक आतंकी ढेर, 9वें दिन ऑपरेशन जारी

नई दिल्ली, 9 अगस्त (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के अखल इलाके में आतंकियों और जवानों के बीच नौवें दिन मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में दो जवान बलिदान हो गए। जबकि दो अन्य जवान घायल हैं। घायलों को 92 बेस अस्पताल ले जाया गया है। चिनार कोर ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार, अखल में रात भर धमाके और गोलीबारी होती रही। इस दौरान सेना के दो जवान बलिदान हो गए, जबकि गोलीबारी में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रीतपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह बलिदान हुए हैं। एक आतंकवादी के भी मारे जाने की खबर है।

स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने के बाद मुंगेली कलेक्टर ने आधी रात तक शिक्षा विभाग के अफसरों की ली क्लास

रातों-रात मंगवाए गए प्रपत्र

2 अधिकारियों को नोटिस

रायपुर/मुंगेली, 9 अगस्त (हाईवे चैनल)। मुंगेली जिले के बरदुली प्राइमरी स्कूल में हुई हादसे की घटना ने जिले से लेकर राजधानी तक प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। घटना से नाराज कलेक्टर ने देर रात तक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक मैराथन बैठक लेकर जमकर क्लास ली. कलेक्टर ने बैठक में डीईओ, डीएमसी, बीईओ, बीआरसी को जमकर फटकार लगाई है और रातों-रात प्रपत्र मंगवाए हैं।

उल्लेखनीय है कि बरदुली प्राइमरी स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई, तो दूसरे की सिर ही फट गया था. इस घटना की जानकारी तब मीडिया को हुए, जब बच्ची को सीटी स्कैन के लिए ले जाया गया. केवल मीडिया को ही नहीं बल्कि इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी ने इसकी जानकारी कलेक्टर को देना तक जरूरी नहीं समझा। अगले दिन मीडिया की खबर के बाद कलेक्टर कुंदन कुमार को इस हादसे की जानकारी हुई. मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए गौ संरक्षण से संबंधित बड़े कार्यक्रम, जिसमें डिप्टी सीएम व विधायकों की उपस्थिति थी, को छोड़कर कलेक्टर कुंदन कुमार और जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और घायल छात्रा के बेहतर उपचार के निर्देश दिए, लापरवाही का आलम ये था कि जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर एवं जिला सीईओ के मौके पर पहुँचने के पश्चात पहुंचे. उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कलेक्टर कुंदन कुमार ने 1 अगस्त को ही यह स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसी भी जर्जर या दुर्घटना की आशंका वाले स्कूल भवन में कक्षाएं संचालित न की जाएं, इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों ने न तो इसका पालन किया और न ही कोई रिपोर्ट या प्रपत्र कलेक्टर को सौंपा. इसी लापरवाही पर कलेक्टर का गुस्सा भड़क उठा। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने रातों-रात जिले के सभी स्कूलों से भवनों की स्थिति की रिपोर्ट तलब की. सभी बीईओ और विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों को निर्देश दिए गए कि वे तत्काल रिपोर्ट तैयार कर सौंपें. घबराए अफसरों ने देर रात तक काम कर संबंधित प्रपत्र कलेक्टर को सौंपे. रिपोर्ट में कहा गया है कि अब जिले में कोई भी स्कूल जर्जर या खतरे वाले भवन में संचालित नहीं हो रहा. हालांकि, कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि यदि भविष्य में फिर कोई ऐसी घटना होती है, तो सीधी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी. इस मामले में कलेक्टर ने डीईओ सीके धृतलहरे और डीएमसी ओपी कौशिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. इससे पहले बीईओ जितेंद्र कुमार बावरे, बीआरसी सूर्यकांत उपाध्याय, संकुल समन्वयक शत्रुघ्न साहू और प्रधान पाठक अखिलेश शर्मा को भी नोटिस जारी किया जा चुका है.

15 अगस्त को अलास्का में आमने-सामने होंगे पुतिन-ट्रंप

नई दिल्ली, 9 अगस्त (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनके और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच आमने-सामने की मुलाकात 15 अगस्त को अलास्का में होगी। दोनों नेताओं के बीच 2022 में शुरू हुए यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के उपायों पर चर्चा होने की उम्मीद है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में मेरे और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुप्रतीक्षित मुलाकात अगले शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को अलास्का के महान राज्य में होगी। आगे की जानकारी बाद में दी जाएगी। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद! क्रेमलिन ने अभी तक इस पर कोई बयान जारी नहीं किया है। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से यह किसी अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके रूसी समकक्ष के बीच पहली आमने-सामने की बैठक होगी। दोनों पक्षों के बीच पिछली बैठक 2021 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पुतिन के बीच हुई थी। यह घटनाक्रम ट्रंप के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि रूसी नेता को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से मिलने की कोई ज़रूरत नहीं है। शुक्रवार को जब पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा कि क्या रूसी नेता को ज़ेलेंस्की से मुलाक़ात करने के लिए उनसे मिलना ज़रूरी होगा, तो उन्होंने कहा कि नहीं, उन्हें इसकी ज़रूरत नहीं है। नहीं। अब तक रूस और यूक्रेन के बीच तीन दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन युद्ध समाप्त करने का कोई हल नहीं निकल पाया है। पुतिन ने भी ज़ेलेंस्की के साथ बातचीत की संभावना से इनकार किया है। पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की, जिसमें मोदी ने यूक्रेन के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तृत आकलन दिया।

एस-400 ने 5 पाकिस्तानी विमानों को मार गिराया

ऑपरेशन सिंदूर पर वायु सेना प्रमुख एपी सिंह का बड़ा बयान

नई दिल्ली, 9 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तानी वायु सेना के कम से कम पाँच विमानों को मार गिराया। उन्होंने यह बात बेंगलुरु में एयर मार्शल कार्वे वार्षिक व्याख्यान में बोलते हुए कही। इस कार्यक्रम के दौरान, वायुसेना प्रमुख ने कहा कि शाहबाज़ जैकबाबाद हवाई अड्डे पर खड़े पाकिस्तानी वायु सेना के कुछ एफ-16 लड़ाकू विमान भी नष्ट हो गए। इसके अलावा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मुरीद और चकलाला जैसे दो कमांड और नियंत्रण केंद्र भी क्षतिग्रस्त हो गए।

हमारी वायु रक्षा प्रणालियों ने अद्भुत काम किया है। हाल ही में हमने जो स-400 प्रणाली खरीदी है, वह एक क्रांतिकारी बदलाव साबित हुई है। इस प्रणाली की रेंज ने उनके विमानों को उनके हथियारों, जैसे कि उनके पास मौजूद लंबी दूरी के ग्लाइड बम, से दूर रखा है, लेकिन वे उनमें से किसी का भी इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं क्योंकि वे इस प्रणाली को भेद नहीं पाए हैं। उन्होंने बताया कि पांच पुष्ट हमलों में से एक बड़ा विमान था, जो ELINT विमान या AEW&C विमान हो सकता है, जिसे लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया गया था।